**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: †2529**

**13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**महाराष्ट्र में नर्सिंग स्टाफ की कमी**

**†2529. श्री भास्कर मुरलीधर भगरे:**
**श्री संजय दिना पाटील:**

**क्या** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री **यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**)क(**क्या सरकार ने महाराष्ट्र में नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है

**(ख)** राज्य में कार्यशील नर्सिंग विद्यालयों और महाविद्यालयों की जिला-वार और स्थान-वार कुल संख्या कितनी है और उनमें प्रवेश हेतु कितनी सीटे स्वीकृत की गई हैं;

**(ग)** मौजूदा मेडिकल कॉलेजों के साथ उसी स्थान पर नर्सिंग महाविद्यालयों की स्थापना की योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में स्वीकृत नए नर्सिंग महाविद्यालयों की स्थान-वार संख्या कितनी है और उनके नाम क्या हैं;

**(घ)** मौजूदा नर्सिंग विद्यालयों को नर्सिंग महाविद्यालयों में उन्नत करने के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या कितनी है और महाराष्ट्र में उनके कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है,

**(ङ)** विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में उक्त योजनाओं के अंतर्गत आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है,

**(च)** क्या उक्त योजनाओं के अंतर्गत महाराष्ट्र की ओर से कोई प्रस्ताव लंबित पड़ा हुआ है, और

**(छ)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राज्य में प्रशिक्षित नर्सों की बढ़ती आश्यकता के मद्देनजर, उसके अनुमोदन के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) और (ख): भारतीय नर्सिंग परिषद के अनुसार, देश में लगभग 42.94 लाख नर्सिंग कर्मी पंजीकृत हैं। यह मानते हुए कि देश में 80% नर्सिंग कर्मी सक्रिय हैं, अनुमान है कि लगभग 34.35 लाख नर्सिंग कर्मी

सक्रिय सेवाओं के लिए उपलब्ध हैं। महाराष्ट्र राज्य में लगभग 2.63 लाख नर्सिंग कर्मी पंजीकृत हैं। राज्य में कार्यशील नर्सिंग विद्यालयों और महाविद्यालयों की कुल संख्या और उनकी स्वीकृत प्रवेश क्षमता का जिलावार विवरण अनुलग्नक-**I** में दिया गया है।.

(ग) से (छ): सरकार ने 2023-24 से 2026-27 की अवधि के लिए नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना हेतु केंद्रीय प्रायोजित योजना "नर्सिंग शिक्षा संवर्धन - मेडिकल कॉलेजों के साथ सह-स्थान पर नए नर्सिंग कॉलेजों (सीओएन) की स्थापना" को मंजूरी दी है। ये नए नर्सिंग कॉलेज 2014 से स्थापित मौजूदा मेडिकल कॉलेजों के साथ सह-स्थान पर स्थापित किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत, गोंदिया, नंदुरबार, यवतमाल, चंद्रपुर, जलगांव और सिंधुदुर्ग जिलों में छह (06) नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना को अनुमोदित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय "नर्सिंग सेवाओं का विकास" नामक केंद्रीय क्षेत्र योजना का संचालन भी करता है, जिसके तहत मौजूदा नर्सिंग स्कूलों को नर्सिंग कॉलेजों में उन्नत किया जाता है। योजना संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार, ऐसे उन्नयन के लिए प्रत्येक नर्सिंग स्कूल को 7 करोड़ रुपए की राशि जारी की जाती है। विगत पांच वर्षों में, महाराष्ट्र के नर्सिंग स्कूलों को नर्सिंग कॉलेजों में उन्नत करने के लिए उक्त योजना के तहत ₹21.30 करोड़ की राशि निर्मुक्त की गई है। दोनों योजनाओं के तहत निर्मुक्त की गई धनराशि का विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

**अनुलग्नक-I**

दिनांक **13.02.2026** के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या **2529** के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

दिनांक 31.10.2025 तक की स्थिति के अनुसार राज्य में कार्यशील नर्सिंग विद्यालयों और महाविद्यालयों की कुल संख्या और उनकी स्वीकृत प्रवेश क्षमता का जिलावार विवरण।

| राज्य | जीएनएम | | बी.एससी.(एन) | |
|---|---|---|---|---|
| | संस्थान | सीटें | संस्थान | सीटें |
| अहमदनगर | 23 | 845 | 8 | 430 |
| अकोला | 8 | 200 | 2 | 80 |
| अमरावती | 3 | 80 | 0 | 0 |
| औरंगाबाद | 8 | 280 | 9 | 470 |
| बीड | 16 | 430 | 3 | 120 |
| भंडारा | 4 | 100 | 1 | 30 |
| बुलढाणा | 3 | 60 | 5 | 190 |
| चंद्रपुर | 5 | 120 | 1 | 40 |
| धुले | 3 | 80 | 1 | 50 |
| गडचिरोली | 2 | 50 | 0 | 0 |
| गोंदिया | 3 | 60 | 1 | 30 |
| हिंगोली | 1 | 20 | 0 | 0 |
| जलगांव | 3 | 160 | 1 | 100 |
| जलना | 6 | 140 | 2 | 90 |
| कोल्हापुर | 9 | 270 | 3 | 140 |
| लातूर | 16 | 365 | 4 | 150 |
| मुंबई | 12 | 585 | 10 | 400 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नागपुर | 7 | 384 | 7 | 470 |
| नांदेड़ | 5 | 140 | 1 | 40 |
| नंदुरबार | 3 | 80 | 0 | 0 |
| नासिक | 19 | 670 | 7 | 330 |
| उस्मानाबाद | 5 | 130 | 1 | 40 |
| पालघर | 1 | 40 | 0 | 0 |
| परभनी | 6 | 150 | 2 | 100 |
| पुणे | 23 | 750 | 14 | 765 |
| रायघर | 2 | 80 | 3 | 190 |
| रत्नागिरि | 6 | 210 | 3 | 150 |
| सांगली | 9 | 270 | 4 | 250 |
| सतारा | 7 | 230 | 2 | 190 |
| सिंधुदुर्गा | 4 | 150 | 2 | 80 |
| सोलापुर | 9 | 200 | 3 | 110 |
| थाइन | 11 | 255 | 5 | 250 |
| वर्धा | 5 | 240 | 3 | 240 |
| वाशिम | 3 | 100 | 1 | 40 |
| यवतमाल | 4 | 120 | 1 | 40 |

**अनुलग्नक-II**

दिनांक **13.02.2026** के लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या **2529** के भाग (ग) से (छ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

केंद्रीय प्रायोजित योजना "नर्सिंग शिक्षा संवर्धन– मेडिकल कॉलेजों के साथ ही सह स्थान पर नए नर्सिंग कॉलेजों (सीओएन) की स्थापना" के तहत निर्मुक्त की गई धनराशि का विवरण।"

*धनराशि करोड़ों में*

| क्र.सं. | जिले का नाम | आवंटित धनराशि (केंद्रीय हिस्सा) | निर्मुक्त धनराशि (पहली किस्त) | निर्मुक्ति का वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गोंदिया | 6.00 | 3.00 | 2024-25 |
| 2. | नंदुरबार | 6.00 | 2.00 | 2024-25 |
| 3. | यवतमाल | 6.00 | 3.00 | 2025-26 |
| 4. | चंद्रपुर | 6.00 | 3.00 | 2025-26 |
| 5. | जलगांव | 6.00 | 3.00 | 2025-26 |
| 6. | सिंधुदुर्ग | 6.00 | 3.00 | 2025-26 |

नर्सिंग सेवाओं के विकास संबंधी केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत निर्मुक्त धनराशि का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र.सं. | संस्थान का नाम | निर्मुक्त धनराशि (वास्तविक राशि रुपये में) | निर्मुक्ति का वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | स्कूल ऑफ नर्सिंग श्री सीएसएम जनरल हॉस्पिटल, सोलापुर | 3,00,00,000/- | 2024-25 |
| 2 | विलासराव देशमुख गवर्मेंट. मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, लातूर | 2,71,34,000/- | 2024-25 |
| 3 | ट्रेनिंग कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड आरसीएसएम गवर्मेंट। मेडिकल कॉलेज एंड छत्रपति प्रमिला राजे गणेश हॉस्पिटल, कोल्हापुर | 2,71,34,000/- | 2024-25 |
| 4 | ट्रेनिंग कॉलेज ऑफ नर्सिंग गोकुलदास तेजपाल हॉस्पिटल, मुंबई | 1,23,18,000/- | 2024-25 |
| 5 | ट्रेनिंग कॉलेज ऑफ नर्सिंग पीवीपी, गवर्मेंट हॉस्पिटल, सांगली स्थित ऑफ नर्सिंग | 2,24,00,000/- | 2025-26 |
| 6 | ट्रेनिंग कॉलेज ऑफ नर्सिंग, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल अकोला स्थित स्कूल ऑफ नर्सिंग | 3,25,00,000/- | 2025-26 |
| 7 | ट्रेनिंग स्कूल ऑफ नर्सिंग स्थित स्कूल ऑफ नर्सिंग, स्वामी रामानंद तीर्थ गवर्नमेट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, अंबाजोगाई जिला | 3,25,00,000/- | 2025-26 |
| 8 | स्कूल ऑफ नर्सिंग, श्री भाऊसाहेब हायर | 2,90,00,000/- | 2025-26 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड सर्वोपचार रूग्नालय धुले, महाराष्ट्र | | |
| **कुल** | | **21,29,86,000/-** | |

*****